06.06.2024 07.10 pm

आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए द्वारा नई सरकार के गठन को लेकर बैठकों का दौर जारी।
- मुख्यमंत्री ने कहा जल संवर्धन अभियान के तहत साढ़े पांच करोड़ पौधे रोपने का लक्ष्य।
- जल संरक्षण और जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार के लिए प्रदेश में कार्यक्रमों का सिलसिला जारी।
- प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की बारिश, कहीं पर लू की संभावना।

नड्डा-बैठक

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए द्वारा नई सरकार गठन को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ की। श्री नड्डा के आवास पर हुई इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पीयूष गोयल, मनसुख मांडविया, प्रहलाद जोशी, अश्विनी वैष्णव भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुग, पार्टी नेता विनोद तावडे और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। जनता दल यूनाइटेड के कई नेताओं ने भी दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर बैठक की। ये बैठकें एनडीए नेताओं द्वारा सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नेता चुनने के एक दिन बाद हुईं। एनडीए गठबंधन में शामिल दलों के संसदीय दल की बैठक कल नई दिल्ली में होगी।

विपक्षी नेता–बैठक

इंडिया गठबंधन के नेताओं के बीच आज नई दिल्ली में बैठकों का दौर जारी रहा। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी और पार्टी नेता डेरेक ओ ब्रायन ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की। आम आदमी पार्टी नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने शिव सेना (यूबीटी) नेता संजय राउत के साथ बैठक की।

कल नई दिल्ली में इंडिया गठबधंन नेताओं के कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर पहली बैठक आयोजित हुईं थी।

नवनिर्वाचित सांसद

लोकसभा चुनाव में प्रदेश में मिली ऐतिहासिक जीत के बाद भाजपा के सभी नवनिर्वाचित सांसद आज सुबह भोपाल में मुख्यमंत्री निवास पहुंचे और मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी सांसदों को बधाई दी। सांसदों से मिलने के बाद मुख्यमंत्री दिल्ली रवाना हो गए। पार्टी आलाकमान ने सभी नवनिर्वाचित सांसदों को दिल्ली बुलाया है। सांसदों को शुक्रवार को दिल्ली में पार्टी की संसदीय दल की बैठक में शामिल होना है। इस बीच मुख्यमंत्री डॉ. यादव नई दिल्ली पहुंच गए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ल भी आज दिल्ली पहुंच रहे हैं।

मुख्यमंत्री जल गंगा संवर्धन अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 5 जून से आरंभ जल गंगा संवर्धन अभियान में जल–स्रोतों के संरक्षण और साफ–सफाई के साथ इन स्थानों पर वृक्षारोपण को प्रोत्साहित किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अभियान के दूसरे दिन आज भोपाल के छोटे तालाब की स्वच्छता के लिए श्रमदान करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जल–गंगा संवर्धन अभियान, गंगा दशमी के बाद भी जारी रहेगा। इस अभियान अवधि में 5 करोड़ 50 लाख पौधे रोपने का लक्ष्य रखा गया है।

जल गंगा संवर्धन अभियान

प्रदेश में कल से शुरू हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। खण्डवा में अभियान के दौरान ग्राम पंचायत लखोरा रैयत में पोखर निर्माण, ग्राम पंचायत राजपुरा बखार में गाद निकासी, ग्राम पंचायत दोंदवाड़ा में नाला विस्तारीकरण और ग्राम पंचायत भुईफल में कंटूर निर्माण किया गया है। आगरमालवा जिला मुख्यालय स्थित प्राचीन मोतीसागर तालाब से छह हजार घन मीटर तथा रत्नसागर तालाब से चार हजार घन मीटर मिट्टी की खुदाई कर तालाबों का गहरीकरण किया जा रहा है। दोनो तालाब शहर के प्रमुख जलस्त्रोत है। नर्मदापुरम नगर पालिका द्वारा नदी, तालाब, कुआं, बावड़ी और अन्य जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए विशेष अभियान का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत मुख्य नगर पालिका

अधिकारी के नेतृत्व में सेठानी घाट पर पर्यावरण दिवस के रूप में घाटों की सफाई और गंदगी हटाने के लिए श्रमदान किया गया। लोगों को मां नर्मदा को साफ स्वच्छ बनाए रखने के लिए समझाइश दी गई।

## शनि जयंती

आज वट सावित्री अमावस्या के साथ शनि जयंती मनाई जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस अवसर पर प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं दी है। आगरमालवा में महिलाओं द्वारा अपने घर–परिवार की सुख समृद्धि के लिये वटवृक्ष की पूजा कर सूत के धागे से फेरे लगाये गये उधर शनि जयंती पर जिले के शनि मंदिरों में भीड़ देखी जा रही है। खंडवा में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भवानी माता रोड स्थित प्राचीन शानी मंदिर में श्री शनि जन्म महोत्सव एवं भंडारे का आयोजन किया गया है। बैतूल में गंज स्थित शनि मंदिर में धूमधाम से शनि जंयति का पर्व मनाया जा रहा है। बीजासनी मंदिर में भी कई कार्यक्रमों का आयोजन किए जा रहे हैं।

## लोकसभा सचिवालय–18वीं लोक सभा

नवनिर्वाचित सांसद दिल्ली पहुंच रहे हैं। लोकसभा सचिवालय इन सदस्यों का स्वागत करने के लिए तैयार है। सदस्यों के स्वागत और उनका निर्बाध पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए अनेक कदम उठाये गए हैं। समय की बचत और पेपर रहित डिजिटल प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए नवनिर्वाचित सदस्यों का पंजीकरण ऑनलाइन इंटिग्रेटेड सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन के माध्यम से किया जाएगा। सचिवालय में नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए एस बी आई बैंक खाता खोलने, स्थाई पहचान पत्र और केन्द्र सरकार स्वास्थ्य योजना कार्ड जारी करने के लिए विशेष प्रबंध किये गए हैं।

## स्वास्थ्य मंत्रालय–लू

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने गर्मी के महीनों के दौरान लू से बचाव की तैयारी और अस्पतालों में आग की दुर्घटनाओं को रोकने के उपायों पर राज्यों के साथ आज समीक्षा बैठक की। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. अतुल गोयल ने इस वर्चुअल बैठक का संचालन किया। बैठक के दौरान बताया गया कि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के उच्च अधिकारी स्थिति पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं। आग लगने की स्थिति में मरीजों, कर्मचारियों और आगंतुकों को निकालने के लिए एक आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना बनायी गई है। मध्य प्रदेश जैसे राज्यों ने सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में आग से बचाव के उपायों पर मॉक–ड्रिल अभ्यास किया है।

## मौसम

प्रदेश में कहीं–कहीं हल्की वर्षा तो कहीं–कहीं लू का प्रभाव देखा जा रहा है। भोपाल, इन्दौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल,रीवा संभागों के जिलों में कहीं–कहीं वर्षा दर्ज की गई। वहीं रीवा, निवाड़ी में कुछ जगहों पर लू का प्रकोप रहा। मौसम विभाग ने सीहोर, बुरहानपुर और देवास जिलों के लिए तेज हवा और वर्षा का आरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके साथ दतिया, सीधी, रीवा, मऊगंज और निवाड़ी जिलों में लू के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। बैतूल, भोपाल, इन्दौर, छिन्दवाड़ा, मैहर सहित 26 जिलों के लिए हल्की वर्षा का यलो अलर्ट भी जारी किया गया है। इस बीच प्रदेश में कल सर्वाधिक तापमान पृथ्वीपुर निवाड़ी में 45 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## समाचार संक्षेप में .....

- शाजापुर जिले के सुनेरा थाना पुलिस ने आज हाईवे से गुजर रहे एक ट्रक को पकड़ा जिसमें 44 गौवंश भरे हुए थे । जिनमें से तीन बछड़ों की मौत हो गई।
- सीहोर में निजी स्कूल में फीस वृद्धि और किताब कॉपी अपनी पसंद की दुकान से खरीदने की शिकायत पर कलेक्टर प्रवीण सिंह ने एक निजी स्कूल पर दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया है ।
- मंदसौर में जून माह मलेरिया माह के रूप में मनाया जा रहा है। मलेरिया जागरूकता हेतु मलेरिया रथ को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रथ गाँव– गॉव जाकर आमजन मे मलेरिया के प्रति जागरूकता फैला रहा है।
- टी–20 विश्वकप में अब से कुछ देर बाद पाकिस्तान और यूएसए के बीच अमेरीका के डलास में मुकाबला होगा।